## अनमोल वचन

"दिन-रात अपने दिमाग को, उच्चकोटि के विचारो से भरो। जो फल प्राप्त होगा वह निश्चित ही अदभूत होगा।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश




वर्ष : 13 अंक : 263 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

बुधवार
10 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## आज का तापमान

अधिकतम -41 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -30 डिग्री सेल्सियस

सूर्य अस्त(आज) -7:20
सूर्य उदय(कल) - 5:22

## संक्षिप्त न्यूज

### पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने कल पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों, पश्चिम बंगाल के हिमालय की तराई वाले इलाकों में और कर्नाटक में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले दो दिनों में बिहार, केरल, माहे, कोंकण, गोवा, तमिलनाडु, पुडुच्चेरी, कराईक्कल और तेलंगाना में भी तेज बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वोत्तर राज्यों के शेष हिस्सों, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में बढ़ चुका है।

विभाग ने कल आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में बिजली और तेज हवाओं के साथ आंधी की आशंका व्यक्त की है।

दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कल लू चलने का अनुमान है। अगले दो दिनों में ओडिशा में गर्म और उमस भरा मौसम रहेगा।

### भारत का निर्यात 12 वर्षों में 468 अरब डॉलर से बढ़कर 863 अरब डॉलर पहुंचा



नई दिल्ली। भारत का निर्यात पिछले 12 वर्षों में 468 अरब डॉलर से बढ़कर 863 अरब डॉलर हो गया है। राजस्थान के जयपुर में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव साकेत कुमार ने निर्यातकों के लिए एक कार्यशाला में बताया कि इस दौरान निर्यात में 5 दशमलव 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सेवा क्षेत्र में निर्यात में 9 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हाल के वर्षों में इंजीनियरिंग सामान और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में भी वृद्धि दर्ज की गई है।

श्री कुमार ने हाल के वर्षों में विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों से उत्पन्न अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये समझौते भारतीय व्यवसायों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक बेहतर पहुंच हासिल करने में मदद कर रहे हैं।

# पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पुलिस बर्बरता की रिपोर्टों की पुष्टिः विदेश मंत्रालय

जम्मू-कश्मीर(एजेंसी)। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पुलिस की बर्बरता की कई रिपोर्टों की पुष्टि की है।

इनमें कई प्रदर्शनकारी मारे गए और कई घायल हुए। भारत को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके कुकर्मो और दुर्व्यवहारों के लिए जवाबदेह ठहराएगा। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नई दिल्ली को पाकिस्तान से लगातार फर्जी खबरें और वीडियो मिल रहे हैं। उन्होंने इसे पाकिस्तान की नाकामियों को छुपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान हटाने का प्रयास बताया है।



अफगान जनता के कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, श्री जायसवाल ने कहा कि भारत का ध्यान निरंतर मानवीय सहायता, विकास सहयोग और क्षमता निर्माण उपायों के माध्यम से अफगानिस्तान में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। श्री जायसवाल ने कहा कि भारत खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और दवा सहायता से संबंधित उपायों के माध्यम से अफगानिस्तान की सहयता जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि भारत ने छात्रवृत्ति और क्षमता निर्माण के अवसर भी प्रदान किए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिवसीय यात्रा पर होंगे रवाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना होंगे।

श्री मोदी रविवार को नीस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे। दोनों नेता संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे। इसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के शीर्ष नवाचार स्टार्टअप और वेंचर कैपिटल फंड एक साथ आएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के दौरान आयोजित यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम दोनों देशों के बीच वर्तमान साझेदारी को और मजबूत करता है।

दूसरे चरण में श्री मोदी 14 से 16 जून तक स्लोवाकिया की यात्रा करेंगे। 1993 में



स्लोवाकिया की स्वतंत्रता के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा होगी। यह यात्रा पिछले वर्ष अप्रैल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की स्लोवाकिया यात्रा और इस वर्ष फरवरी में एआई इम्पैक्ट समिट के लिए स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी की भारत यात्रा के बाद हो रही है। श्री मोदी स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको और राष्ट्रपति पेलेग्रिनी से मुलाकात करेंगे।

यात्रा के तीसरे चरण में प्रधानमंत्री 16 और 17 जून को फ्रांस में जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री 18 जून को पेरिस में द्विपक्षीय बैठकों के लिए और यूरोप के सबसे बड़े प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप कार्यक्रम विवाटेक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। श्री मोदी पेरिस में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री की यूरोप यात्रा से फ्रांस, स्लोवाकिया और जी7 के साथ भारत की साझेदारी और बढ़ेगी। मंत्रालय ने कहा कि जी7 में प्रधानमंत्री की उपस्थिति वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भारत की अग्रणी और प्रमुख भागीदार के रूप में उसकी स्थिति को दर्शाती है।

## स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रव्यापी समारोह का शुभारंभ किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के माध्यम से देश भर में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया है।

श्री नड्डा ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रव्यापी समारोह का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि माताओं के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करना एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के लिए जरूरी है।



श्री नड्डा ने बताया कि सरकार के मातृ स्वास्थ्य देखभाल ढांचे के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को नियमित प्रसवपूर्व जांच मिलती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस पहल से यह सुनिश्चित हुआ है कि देश की महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि मातृ मृत्यु दर में 86 प्रतिशत की कमी आई है। साथ ही देश में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 79 प्रतिशत और नवजात मृत्यु दर में 70 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

श्री नड्डा ने बताया कि अस्पतालों में प्रसव में करीब 91 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और प्रसवपूर्व देखभाल प्राप्त करने वाली माताओं का अनुपात बढ़कर लगभग 96 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देश की सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली, बेहतर सेवा वितरण और मातृ स्वास्थ्य के प्रति परिवारों में बढ़ी जागरूकता को दर्शाती है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने 75 रुपये का एक विशेष स्मारक सिक्का और 5 रुपये का एक डाक टिकट भी जारी किया।

# पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री चाय श्रमिक योजना होगी लागू

पश्चिम बंगाल (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री चाय श्रमिक योजना राज्य के चाय बागान श्रमिकों के लिए लागू की जाएगी। इस कल्याणकारी पहल में तीन उप-योजनाएं शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमित कुमार ने आज कोलकाता में मीडिया को बताया कि श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं और श्रमिकों के लिए उचित आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चाय श्रमिक शिक्षा योजना, चाय श्रमिक स्वास्थ्य योजना और चाय श्रमिक आश्रय योजना शुरू की जा रही हैं। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री चाय श्रमिक योजना के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# असम सरकार और यूरोपीय संघ ने ब्लू वैली क्लस्टर का शुभारंभ किया



असम(एजेंसी)। असम सरकार और यूरोपीय संघ ने आज गुवाहाटी में फ्लेवर, सुगंध और आयुष क्षेत्रों पर केंद्रित ब्लू वैली क्लस्टर का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सतत मूल्य श्रृंखलाओं, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्रों और औद्योगिक साझेदारियों के विकास में यूरोप, असम और व्यापक उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि असम में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, चाय, अगरवुड, जैविक खाद्य पदार्थ, प्राकृतिक सुगंध और आयुष उत्पादों जैसे क्षेत्रों में यूरोप के साथ सहयोग के महत्वपूर्ण अवसर मौजूद हैं।

यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि असम के प्राकृतिक संसाधन, कुशल कार्यबल और बढ़ती कनेक्टिविटी इसे निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए आकर्षक गंतव्य बनाते हैं।

# अमरनाथ यात्रा 2026 के सुचारू और सफल संचालन के लिए शीर्ष अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर में होने वाली अमरनाथ यात्रा 2026 के सुचारू और सफल संचालन के लिए शीर्ष अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार और जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन तुती ने कल रामबन जिले का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



संभागीय आयुक्त ने यात्री निवास, चंदरकोट में आवास, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, बिजली की उपलब्धता, चिकित्सा सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त शौचालय इकाइयों की स्थापना, उचित स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, निर्बाध बिजली आपूर्ति और पर्याप्त बिस्तरों की व्यवस्था पर बल दिया। शीर्ष अधिकारियों ने पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा भी की और वार्षिक तीर्थयात्रा के सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए घनिष्ठ समन्वय और मजबूत सुरक्षा उपायों पर बल दिया।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने 'गंगा परियोजना' का शुभारंभ किया



उत्तर प्रदेश(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को 'गंगा परियोजना' का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर तक डिजिटल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना और साथ ही डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी आधारित रोजगार के अवसरों का विस्तार करना है।

लखनऊ में परियोजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य ने डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 8 हजार डिजिटल उद्यमियों को तैयार करने का लक्ष्य रखा है। यह परियोजना युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ेगी और स्वरोजगार और उद्यमशीलता के नए अवसर पैदा करेगी।

इस पहल के लिए हिंदुजा समूह को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा योजना के तहत राज्य सरकार युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान कर रही है। गंगा परियोजना के तहत चयनित युवा भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे और डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में अपने उद्यम स्थापित कर सकेंगे।

# श्रीलंका के पूर्व खुफिया प्रमुख मेजर जनरल सुरेश सल्ले अस्पताल में भर्ती



श्रीलंका(एजेंसी)। श्रीलंका के खुफिया सेवा के पूर्व निदेशक मेजर जनरल सुरेश सल्ले जेल में भूख हड़ताल के कारण कोलंबो के अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें 2019 के ईस्टर संडे बम धमाके मामले में 25 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। परिवार के सदस्यों का कहना है कि उन्होंने भोजन और पानी लेने से इनकार कर दिया है। डॉक्टरों द्वारा उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मानवाधिकार आयोग ने परिजनों की शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी है।

## दुबई सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत, 6 भारतीय कामगार शामिल

दुबई (एजेंसी)। दुबई के एमिरेट्स रोड पर कल हुई सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के तीन-तीन भारतीय कामगार और श्रीलंका का एक नागरिक शामिल था। दुर्घटना में घायल आठ भारतीयों में से पांच को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि तीन अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें से दो का इलाज राशिद अस्पताल में और एक का अल फखीर अस्पताल में चल रहा है।

# अफगानिस्तान में 38 लाख लड़कियां स्कूल से बाहरः संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि अफगानिस्तान में लगभग 38 लाख लड़कियों के स्कूल से बाहर रहने के कारण देश एक गुमराह पीढ़ी की ओर बढ़ सकता है। यह स्थिति तालिबान की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों के कारण हुई है। कल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए, अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन की कार्यवाहक प्रमुख जॉर्जेट गैगनन ने कहा कि 7 से 18 वर्ष की करीब 38 लाख लड़कियां स्कूल नहीं जा रही हैं। इनमें 26 लाख से अधिक किशोरियां शामिल हैं, जिन्हें माध्यमिक शिक्षा में पढ़ने की

UNITED NATIONS

अनुमति नहीं है। सुश्री गैगनन ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों पर जारी प्रतिबंधों का अफगानिस्तान के सामाजिक और आर्थिक विकास पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने कहा कि अफगानिस्तान ने आर्थिक स्थिरता के सीमित संकेत दिखाए हैं, जिसमें विकास और राजस्व संग्रह में कोई सुधार नहीं हुआ है। 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता कब्जा करने के बाद से, तालिबान ने अफगान महिलाओं और लड़कियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें लड़कियों को छठी कक्षा से आगे माध्यमिक विद्यालयों में जाने से रोकना, महिलाओं को विश्वविद्यालयों में अध्ययन करने से रोकना और रोजगार तथा सार्वजनिक स्थानों तक पहुँच पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

# अमेरिकी अदालत ने ट्रंप प्रशासन का 1 लाख डॉलर एच-1बी वीजा शुल्क रद्द किया



अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के एक संघीय न्यायाधीश ने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रस्तावित एक लाख डॉलर के एच-1बी वीजा शुल्क को रद्द कर दिया है और इसे गैरकानूनी करार दिया है। जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने बीस डेमोक्रेटिक राज्य अटॉर्नी जनरलों द्वारा दायर एक मुकदमे में यह फैसला सुनाया। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को लगभग दो हजार से बढ़ाकर एक लाख डॉलर करने की घोषणा की थी।

# जिला के सभी व्यावसायिक और सार्वजनिक भवनों में फायर सेफ्टी सिस्टम अनिवार्य : उपायुक्त



जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरों)। उपायुक्त ने निगम और फायर विभाग के अधिकारियों की ली बैठक, 15 दिनों में फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट पेश करने के निर्देश। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला के नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला के सभी सार्वजनिक व व्यावसायिक भवनों में जल्द से जल्द फायर सेफ्टी सिस्टम लगवाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिला में फायर सेफ्टी ऑडिट किया जाए और उसकी विस्तृत रिपोर्ट अगले 15 दिनों में प्रस्तुत की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित फायर सेफ्टी की बैठक में नगर निगम और फायर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाए जिसमें उप निगम आयुक्त, सहायक नगर योजनाकार और जिला अग्निशमन अधिकारी को शामिल किया जाए। यह कमेटी जिला की सभी लक्षित इमारतों का फायर सेफ्टी ऑडिट करवाना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के ऐसे निजी भवन, अस्पताल, शोरूम और मुख्य बाजार जहां लोगों का आवागमन बहुत अधिक रहता है, वहां विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने साफ किया कि सरकार के दिशा-निर्देशों और तय गाइडलाइंस के अनुसार इन सभी व्यावसायिक व सार्वजनिक बिल्डिंगों में फायर सेफ्टी सिस्टम मानकों को इंस्टॉल करवाया जाए।

उन्होंने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मार्किट की सभी बिल्डिंगों में नियमानुसार फायर सेफ्टी सिस्टम लगवाने के लिए जागरूक करे।

उपायुक्त ने जिला के सभी कमर्शियल बिल्डिंगों के मालिकों, निजी अस्पतालों के संचालकों और शोरूमों के मालिकों से अपील की कि वे जिम्मेदारी समझते हुए सरकार के निर्देशानुसार अपनी-अपनी इमारतों में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरण केवल एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल बचाने का मुख्य साधन हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्देशों की अवहेलना करने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सीजेएम ने बाल भवन, नारी निकेतन और वन स्टाप क्राइसिस सेंटर का किया निरीक्षण



जीत समाचार हरियाणा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने मंगलवार को एम.डी.डी. बाल भवन व नारी निकेतन का निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम ने बच्चों व महिलाओं से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद सीजेएम ने वन स्टाप क्राइसिस सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित लड़कियों से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

सीजेएम ने दोपहर बाद सभी मिडिएटर्स के साथ बैठक की और उन्हें समाधान समारोह-2026 के जरिए अधिकतम मुकदमों का निपटारा करने के लिए प्रेरित किया




# एसआईआर के दौरान किसी भी सही मतदाता का नाम सूची से न कटे : देवेंद्र शर्मा



जीत समाचार करनाल(ब्यूरों)। करनाल विधानसभा क्षेत्र-21 में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज यहां पंचायत भवन में एसडीएम देवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बीएलओ और सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बताया कि आज दो सत्रों में 120 बूथों के बीएलओ और सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर संजय कुमार व सुरेश कुमार सिंहमार ने ट्रेनिंग दी। इसी कड़ी में 10 जून को बूथ नबर 121 से 234 तक के बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े बीएलओ और सुपरवाइजरों को 14 जून से 16 जुलाई तक कार्यमुक्त किया गया हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान करनाल विधानसभा क्षेत्र में 234 बीएलओ और 26 सुपरवाइजरों को ट्रेनिंग दी जानी है।

उन्होंने बीएलओ से यह सुनिश्चित करने को कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी सही मतदाता का नाम सूची से न कटे और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में न रहे। उन्होंने कहा 24 साल बाद किए जा रहे एसआईआर में घर-घर जाकर मतदाता सूची का गहन निरीक्षण करें। इस दौरान बीएलए को भी साथ ले जाएं। बीएलओ सभी मतदाताओं के घर जाकर गणना फार्म वितरित करेंगे। गणना फार्म की दो प्रतियां होगी जिन्हें भरकर एक प्रति बीएलओ के पास जमा होगी और दूसरी मतदाता के पास पावती के रूप में रहेगी। बीएलओ को गणना फार्म प्राप्त करने के लिए कम से कम तीन बार मतदाता के दिए गए पते पर विजिट करना होगा।

# 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास कार्यक्रम आज

जीत समाचार हरियाणा। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 10 जून यानि बुधवार को प्रातरू 07.00 बजे से 8.00 तक कल्पना चावला राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में आयोजित होने वाले योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा की शृंखला में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

यह जानकारी एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने मंगलवार को आयुष विभाग हरियाणा, हरियाणा योग आयोग तथा कल्पना चावला राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले योग अभ्यास कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कार्यक्रम स्थल पर बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि प्रणाली (साउंड सिस्टम) और सुरक्षा व्यवस्था सहित तमाम तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक बेहद महत्वपूर्ण और गरिमामयी आयोजन है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग अभ्यास कार्यक्रम में भाग लेने वाले नागरिकों, योग साधकों और गणमान्य अतिथियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंनें आयुष विभाग और मेडिकल कॉलेज प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ काम करने और समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल, डिप्टी सीईओ रोजी तथा कल्पना चावला राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com बुधवार, 10 जून 2026

# संपादकीयः संपादक की कलम से

## “चिट्टा” एक धीमा जहर और तस्करी का जाल

आज के दौर में ‘चिट्टा’ (सिंथेटिक ड्रगध्हेरोइन का एक प्रकार) न केवल हमारे समाज, बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। यह नशा जितनी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, उतनी ही तेजी से इसकी तस्करी का नेटवर्क भी फैल रहा है।

तस्करी का संगठित जाल

चिट्टा तस्करी का नेटवर्क बहुत ही सुनियोजित तरीके से काम करता है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

आपूर्ति श्रृंखला : इस नेटवर्क की जड़ें अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी होती हैं। यह नशा पड़ोसी देशों के रास्ते तस्करी होकर आता है और फिर बड़े तस्करों के माध्यम से छोटे डीलरों तक पहुँचता है।

सक्रियता का तरीकारू तस्कर अक्सर नए-नए रास्ते अपनाते हैं। वे युवाओं को, विशेषकर जो बेरोजगार हैं, आसानी से पैसे कमाने का लालच देकर अपना ‘कूरियर’ बना लेते हैं।

तकनीक का इस्तेमालः आजकल तस्कर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से बचना उनके लिए आसान हो जाता है।

युवाओं पर प्रभाव

चिट्टा अन्य नशों की तुलना में अधिक घातक है क्योंकि यह बहुत कम मात्रा में भी मस्तिष्क और शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके शिकार हुए युवा न केवल अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता खो बैठते हैं, बल्कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वे चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल होने लगते हैं।

चुनौती और समाधान

चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कड़ी निगरानीरू पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सीमाओं के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है जहाँ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं।

जागरूकता अभियानरू स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर नशे के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। युवाओं को यह समझाना होगा कि एक बार का सेवन भी जीवन भर की बर्बादी बन सकता है।

नशा मुक्ति केंद्ररू ऐसे केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी जहाँ पीड़ित युवाओं को सम्मानजनक तरीके से सही उपचार और परामर्श मिल सके।

सामाजिक भागीदारीरू समाज को सतर्क रहना होगा। यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

निष्कर्ष

चिट्टा का कारोबार समाज के भीतर एक ऐसा दीमक है जो आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है। जब तक समाज, प्रशासन और परिवार एकजुट होकर इस नेटवर्क के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है।

-कमल पवार

# सम्पादकीय

## एकता का बल

एक समय की बात हैं कि कबूतरों का एक दल आसमान में भोजन की तलाश में उडता हुआ जा रहा था। गलती से वह दल भटककर ऐसे प्रदेश के ऊपर से गुजरा, जहां भयंकर अकाल पडा था। कबूतरों का सरदार चिंतित था। कबूतरों के शरीर की शक्ति समाप्त होती जा रही थी। शीघ्र ही कुछ दाना मिलना जरूरी था। दल का युवा कबूतर सबसे नीचे उड रहा था। भोजन नजर आने पर उसे ही बाकी दल को सुचित करना था। बहुत समय उडने के बाद कहीं वह सूखाग्रस्त क्षेत्र से बाहर आया। नीचे हरियाली नजर आने लगी तो भोजन मिलने की उम्मीद बनी। युवा कबूतर और नीचे उडान भरने लगा। तभी उसे नीचे खेत में बहुत सारा अन्न बिखरा नजर आया ”चाचा, नीचे एक खेत में बहुत सारा दाना बिखरा पडा हैं। हम सबका पेट भर जाएगा।’

सरदार ने सूचना पाते ही कबूतरों को नीचे उतरकर खेत में बिखरा दाना चुनने का आदेश दिया। सारा दल नीचे उतरा और दाना चुनने लगा। वास्तव में वह दाना पक्षी पकडने वाले एक बहलिए ने बिखेर रखा था। ऊपर पेड पर तना था उसका जाल। जैसे ही कबूतर दल दाना चुगने लगा, जाल उन पर आ गिरा। सारे कबूतर फंस गए।

कबूतरों के सरदार ने माथा पीटा “ओह! यह तो हमें फंसाने के लिए फैलाया गया जाल था। भूख ने मेरी अक्ल पर पर्दा डाल दिया था। मुझे सोचना चाहिए था कि इतना अन्न बिखरा होने का कोई मतलब हैं। अब पछताए होत क्या, जब चिडिया चुग गई खेत?”

एक कबूतर रोने लगा “हम सब मारे जाएंगे”

बाकी कबूतर तो हिम्मत हार बैठे थे, पर सरदार गहरी सोच में डूबा था। एकाएक उसने कहा “सुनो, जाल मजबूत हैं यह ठीक हैं, पर इसमें इतनी भी शक्ति नहीं कि एकता की शक्ति को हरा सके। हम अपनी सारी शक्ति को जोडे तो मौत के मुंह में जाने से बच सकते हैं।”

युवा कबूतर फडफडाया “चाचा! साफ-साफ बताओ तुम क्या कहना चाहते हो। जाल ने हमें तोड रखा हैं, शक्ति कैसे जोडे?”

सरदार बोला “तुम सब चोंच से जाल को पकडो, फिर जब मैं फुर्र कहूं तो एक साथ जोर लगाकर उडना।”

सबने ऐसा ही किया। तभी जाल बिछाने वाला बहेलियां आता नजर आया। जाल में कबूतर को फंसा देख उसकी आंखें चमकी। हाथ में पकडा डंडा उसने मजबूती से पकडा व जाल की ओर दौडा।

बहेलिया जाल से कुछ ही दूर था कि कबूतरों का सरदार बोला “फुर्रर्रर!”

सारे कबूतर एक साथ जोर लगाकर उडे तो पूरा जाल हवा में ऊपर उठा और सारे कबूतर जाल को लेकर ही उडने लगे। कबूतरों को जाल सहित उडते देखकर बहेलिया अवाक रह गया। कुछ संभला तो जाल के पीछे दौडने लगा। कबूतर सरदार ने बहेलिए को नीचे जाल के पीछे दौडते पाया तो उसका इरादा समझ गया। सरदार भी जानता था कि अधिक देर तक कबूतर दल के लिए जाल सहित उडते रहना संभव न होगा। पर सरदार के पास इसका उपाय था। निकट ही एक पहाडी पर बिल बनाकर उसका एक चूहा मित्र रहता था। सरदार ने कबूतरों को तेजी से उस पहाडी की ओर उडने का आदेश दिया। पहाडी पर पहुंचते ही सरदार का संकेत पाकर जाल समेत कबूतर चूहे के बिल के निकट उतरे।

सरदार ने मित्र चूहे को आवाज दी। सरदार ने संक्षेप में चूहे को सारी घटना बताई और जाल काटकर उन्हें आजाद करने के लिए कहा। कुछ ही देर में चूहे ने वह जाल काट दिया। सरदार ने अपने मित्र चूहे को धन्यवाद दिया और सारा कबूतर दल आकाश की ओर आजादी की उडान भरने लगा।

सीखः एकजुट होकर बडी से बडी विपत्ति का सामना किया जा सकता हैं।

जय श्री गणेश

# जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिऐ आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी ‘दिव्येश’
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी ‘दिव्येश’

दिनांक : 10 जून 2026, बुधवार

## आज का राशिफल

### आज का पंचांग

तिथि दशमी 01:00 एएम नक्षत्र उत्तराभाद्रपद 09:22 करण वणिज, 01:55 अगले दिन विष्टि 01:00 पक्ष : कृष्ण पक्ष. योग आयुष्मान, 06:29 अगले दिन सौभाग्य 04:02 चन्द्रमा मीन राशि राहुकाल 12:20 - 02:04. विक्रमी संवतम् 2083. शक सम्वत : 1948. मास अमांत : ज्येष्ठ. मास पूर्णिमांत : ज्येष्ठ. शुभ मुहूर्त

### मेष राशि
आज व्यय की अधिकता और आमदनी सीमित रहेगी. वाणी पर नियंत्रण रखें. कार्यपद्धति में बदलाव होगा. नौकरी में आप के विरुद्ध षड्यंत्र होगा.

### वृषभ राशि
मानसिक तनावों को हावी न होने दें. आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे. जो आप के लिए शुभ रहेंगे. मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा. स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें.

### मिथुन राशि
विपरीत परिस्थितियों को भी अपने पक्ष में करने की अपनी अद्भुत क्षमता का प्रयोग करें. व्यापार उत्तम रहेगा. निजी समस्या का समाधान होगा. कुल मिलाकर फायदेमंद दिन है.

### कर्क राशि
स्वास्थ्य का ध्यान रखें. जल्दबाजी में कोई काम न करें. कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है. रियल एस्टेट और वित्तीय लेन-देन के लिए अच्छा दिन है।

### सिंह राशि
अधिक कमाने के चक्कर में किसी के बहकावे में न आएं. शीत से संबंधी विकार हो सकते हैं। कार्यस्थल पर सही निर्णय ले पाएंगे. मित्रों से आर्थिक मदद प्राप्त होगी.

### कन्या राशि
कहीं से अप्रत्याशित आमंत्रण मिले तो वहां सोच समझ कर ही जाएं. हो सकता है. वहां कोई आपको हानि पहुंचाने का प्रयास करे. आज आपके प्रयासों से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन

### तुला राशि
आज आप जो भी काम आप करेंगे. उसमें भाग्य का भी साथ रहेगा. दिन उपयुक्त है. वाणी पर संयम रखते हुए कार्य करें.

### वृश्चिक राशि
आज आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संगम रहने वाला है. अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा.आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं.

### धनु राशि
आप कुछ ऐसे निर्णय लेंगे जिसका प्रभाव आने वाले समय में बेहतर होगा. आजीविका के नए साधन मिलेंगे.वाणी पर संयम रखें. यात्रा संभव है. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. आर्थिक तंगी से

### मकर राशि
आज पारिवारिक मामलों में उलझन आपको कठोर निर्णय लेने के लिए बाधित कर सकती है. खर्चों में इजाफा होगा लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोतरी इसको संतुलित कर देगी. आलस हावी रहेगा.

### कुम्भ राशि
बच्चों से संबंधित समस्याएं आपमें से कुछ के लिए तनाव का कारण हो सकती हैं. दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आपको कोई सरप्राइज मिल सकता है। निजी जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ेगी.

### मीन राशि
धन प्राप्ति के स्रोत स्थापित होने के योग हैं. किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा. थकावट से कुछ के लिए स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिर्पोट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# डिप्टी कमिश्नर ने डेंगू और मच्छर से होने वाली बीमारियों के खिलाफ जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए

-जिले में पीने के पानी की रेगुलर टेस्टिंग को मजबूत करना और गंदे पानी के संभावित इलाकों की निगरानी करना



जीत समाचार पटियाला(ब्यूरों)।

पटियाला के डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने हेल्थ डिपार्टमेंट को निर्देश दिया है कि पंजाब सरकार के लक्ष्यों के अनुसार जिले के निवासियों को बेहतर हेल्थ सर्विस देने में कोई ढिलाई न बरती जाए। आज डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने जिले में डेंगू और मच्छर से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग तेज करने, घर-घर जाकर लार्वा चेकिंग करने और नियमों के अनुसार चालान और जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि नागरिकों को गंदे पानी से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए लोकल सरकारों और वाटर सप्लाई और सैनिटेशन डिपार्टमेंट के साथ मिलकर पानी की रेगुलर टेस्टिंग की जाए। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में गंदा पानी हो सकता है, वहां खास निगरानी रखी जाए और लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ बचाव के जरूरी कदम उठाए जाएं।

जिले में ज्ठ रोकथाम प्रोग्राम का जायजा लेते हुए डिप्टी कमिश्नर ने ज्ठ मरीजों को बैलेंस्ड डाइट किट देने, इलाज की सुविधाओं को मजबूत करने और रेगुलर टेस्टिंग पर जोर दिया। उन्होंने 14 साल तक की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए वैक्सीनेशन पक्का करने और हीटस्ट्रोक से बचाने के लिए जागरूकता फैलाने का भी निर्देश दिया।

डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने डॉक्टरों को लोगों के साथ और करीबी बनाने का निर्देश दिया ताकि कम ओपीडी वाले आम आदमी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या बढ़ाई जा सके और मरीजों का भरोसा जीता जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने हेल्थ सेक्टर को खास प्राथमिकता दी है, इसलिए जिला प्रशासन मरीजों को अच्छी हेल्थ सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने अलग-अलग हेल्थ स्कीमों का रिव्यू किया और हर लेवल पर सेवाओं की क्वालिटी पक्का करने के निर्देश दिए।

डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने हेल्थ डिपार्टमेंट को 'वॉर ऑन ड्रग्स' कैंपेन के तहत नशे से प्रभावित लोगों की पहचान करने और उन्हें नशा छुड़ाने और रिहैबिलिटेशन सेवाओं से जोड़ने के लिए और असरदार तरीके से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता एक्टिविटीज को तेज किया जाना चाहिए और युवाओं को ड्रग्स के बुरे असर के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

डिप्टी कमिश्नर ने मुख्यमंत्री हेल्थ स्कीम का रिव्यू करते हुए निर्देश दिया कि स्कीम के तहत योग्य लाभार्थियों को ज्यादा से ज्यादा फायदा दिया जाए। इसके लिए नागरिकों का रजिस्ट्रेशन बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को उनके घरों के पास अच्छी हेल्थ सर्विस देने और हेल्थ चेक-अप के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए खास कोशिशें की जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट, मैटरनल एंड चाइल्ड मॉर्टेलिटी रेट, मुख्यमंत्री कैंसर रिलीफ फंड स्कीम और दूसरी हेल्थ स्कीमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए खास कोशिशें की जानी चाहिए। इस मौके पर अर्बन डेवलपमेंट नवरीत कौर सेखों, डॉ. विकास गोयल, डॉ. कुशलदीप कौर गिल, डॉ. जसविंदर सिंह, डॉ. सुमित सिंह, डॉ. बलकार सिंह के साथ सभी ैडट और दूसरे संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# हेल्थ डिपार्टमेंट ने 'प्रधानमंत्री मातृत्व सेहत अभियान' की दसवीं सालगिरह के मौके पर जिला लेवल पर फंक्शन किया



जीत समाचार अमृतसर। हेल्थ डिपार्टमेंट अमृतसर ने ष्प्रधानमंत्री मातृत्व सेहत अभियानष की दसवीं सालगिरह के मौके पर सिविल हॉस्पिटल अमृतसर में जिला लेवल पर फंक्शन किया।

इस मौके पर जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट फैमिली वेलफेयर ऑफिसर डॉ. नीलम भगत ने बताया कि इस कैंप के तहत प्रेग्नेंट महिलाओं की हेल्थ केयर के लिए हर महीने की 9 और 21 तारीख को स्पेशल कैंप लगाए जाते हैं। इन कैंप में प्रेग्नेंट मांओं को एंटीनेटल चेक-अप, मैटरनल और चाइल्ड हेल्थ केयर और सेफ डिलीवरी के बारे में खास जानकारी दी जाती है।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी हेल्थ इंस्टीट्यूशन में लगाए जाने वाले इन कैंप के दौरान प्रेग्नेंट महिलाओं को गाइनेकोलॉजिस्ट द्वारा फ्री हेल्थ चेक-अप, लैब टेस्ट, दवाएं और सेफ डिलीवरी के बारे में सलाह दी जाती है। डॉ. नीलम भगत ने कहा कि मां और बच्चे की हेल्थ केयर को और मजबूत करने के लिए पंजाब सरकार ने जिले को चार नई अल्ट्रासाउंड मशीनें दी हैं। ये मशीनें सिविल हॉस्पिटल अमृतसर, सब-डिविजनल हॉस्पिटल बाबा बकाला, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर वेरका और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर मानांवाला में लगाई गई हैं। इससे गर्भवती महिलाओं और दूसरे मरीजों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और हेल्थ सर्विस और भी आसानी से मिलेंगी।

इस मौके पर सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रीतविन और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. चिंकी ठुकराल ने गर्भवती महिलाओं को हेल्दी प्रेग्नेंसी और सेफ डिलीवरी के बारे में खास जानकारी दी। इस दौरान गर्भवती माताओं को फल भी बांटे गए।


इस फंक्शन में डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. जसपाल सिंह, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. रजनीश कुमार, डिस्ट्रिक्ट डम्प्ब अमरदीप सिंह और हेल्थ डिपार्टमेंट का पूरा स्टाफ मौजूद था।

# आर्म्ड फोर्सेज में करियर बनाने की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए सुनहरा मौका



जीत समाचार अमृतसर (ब्यूरों)।

पंजाब सरकार की गाइडलाइंस के तहत युवाओं को नौकरी दिलाने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। ये बातें डॉ. रूपिंदर पाल सिंह एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (अर्बन डेवलपमेंट)-कम-चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर क्व्म्म् अमृतसर ने कहीं। इस बारे में और जानकारी देते हुए एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन स्किल डेवलपमेंट एंड ट्रेनिंग ऑफिसर श्री मुकेश सारंगल ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन स्किल डेवलपमेंट एंड ट्रेनिंग ऑफिस अमृतसर ने पंजाब के युवाओं को आर्म्ड फोर्सेज में शामिल होने के लिए मोटिवेट करने के लिए सरदार बहादुर अमीन चंद सोनी आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट बजवाड़ा (होशियारपुर) खोला है। जिसका पहला बैच, ट्रेनिंग प्रोग्राम जुलाई 2026 के पहले हफ्ते में शुरू किया जाएगा। इस इंस्टीट्यूट का मकसद कैंडिडेट्स को आर्म्ड फोर्सेज ग्रेजुएट लेवल एंट्री एग्जामिनेशन जैसे सीडीएस, एफसीआईटी,ओटीए,वगैरह के लिए तैयार करना है। इन एग्जामिनेशन के लिए इस इंस्टीट्यूट में तीन महीने की एकेडमिक ट्रेनिंग और तीन हफ्ते की ठ ट्रेनिंग दी जाएगी। एडमिशन लेने के लिए एलिजिबिलिटी उन स्टूडेंट्स की होगी जो ग्रेजुएटध्ग्रेजुएशन (फाइनल ईयर)/पोस्ट ग्रेजुएट (फर्स्ट ईयर) में पढ़ रहे हैं। यह बताना जरूरी है कि यह इंस्टीट्यूट दूर से आने वाले स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टल की सुविधा भी देता है। जो स्टूडेंट्स एडमिशन लेना चाहते हैं, वे एडमिशन फॉर्म भरकर एडमिशन की आखिरी तारीख 18-06-2026 से पहले इंस्टीट्यूट की ईमेल ID sbacsafpihoshipura@gmail-com पर भेज सकते हैं। एडमिशन फॉर्म की एक कॉपी उनके कॉलेज के सोशल मीडिया और नोटिस बोर्ड या डिस्ट्रिक्ट एम्प्लॉयमेंट एंड बिजनेस ब्यूरो अमृतसर से ली जा सकती है।



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# एमएलए शैरी कलसी ने 'मेरी रसोई' स्कीम के तहत ओहरी गेट बटाला में जरूरतमंद परिवारों को राशन किट बांटी



जीत समाचार बटाला। पंजाब के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट और एमएलए शैरी कलसी ने पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान की शुरू की गई 'मेरी रसोई' स्कीम के तहत ओहरी गेट बटाला में जरूरतमंद परिवारों को राशन किट बांटी।

इस मौके पर एमएलए शैरी कलसी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार हमेशा लोगों की भलाई और समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए कमिटेड है और लोगों से किए गए वादे पूरे किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सरदार भगवंत सिंह मान की लीडरशिप में पंजाब सरकार ने लोगों के हित में बहुत कोशिशें की हैं और लोगों की सेहत सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री सेहत स्कीम लागू की गई है, जिसके तहत बीमारियों के इलाज के लिए 10 लाख रूपये तक की कैशलेस सुविधा दी गई है।

उन्होंने आगे कहा कि बटाला हलके में हर तरफ विकास के काम तेजी से चल रहे हैं। युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए गांवों में खेल के मैदान तैयार किए गए हैं। गांवों में शानदार पार्क बनाए गए हैं। गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज बिछाने समेत गांवों में कई विकास कार्य किए गए हैं।

# कपास और देसी कपास की सफल खेती के बारे में किसानों के साथ जरूरी बातें शेयर की गई




जीत समाचार बठिंडा।

डॉ. जसविंदर कौर एडीओ (ट्रेनिंग) बठिंडा ने कपास और देसी कपास की सफल खेती के बारे में किसानों के साथ जरूरी बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा कि कपास की फसल के लिए पूरा पेस्ट मैनेजमेंट बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि कपास की फसल पर शुरू में कम से कम दो नीम स्प्रे करने से रस चूसने वाले कीड़े कंट्रोल होते हैं। यह दोस्त कीड़ों के लिए भी सुरक्षित है। सर्वे के दौरान, अगर सफेद मक्खी और रस चूसने वाले कीड़ों की संख्या आर्थिक सीमा से ज़्यादा हो, तो सिर्फ केमिकल स्प्रे करना चाहिए। इसके अलावा, अपने खेत के आस-पास साफ और खरपतवार-मुक्त रखने के अलावा, फसल पर फूल आने के समय पिंक बॉलवर्म का सर्वे करना चाहिए। अगर सर्वे के दौरान ततैया या इल्ली से खराब हुए पाँच या उससे ज़्यादा फूल मिलें, तो रोकथाम के लिए बताए गए कीटनाशकों का स्प्रे करें। कपास की फसल से ज़्यादा से ज़्यादा पैदावार पाने के लिए, फूल आने के दौरान हफ्ते के गैप पर 2 परसेंट (दो ा ह पोटैशियम नाइट्रेट 100 लीटर पानी में घोलकर) पोटैशियम नाइट्रेट फर्टिलाइजर के चार स्प्रे करने चाहिए। अगर खेत में पत्ती लाल होने की समस्या हो, तो फूल आने के दौरान 15 दिन के गैप पर एक माह मैग्नीशियम सल्फेट 100 लीटर पानी में घोलकर दो स्प्रे करने चाहिए।

# मार्केट कमेटी, लुधियाना ने 2026-27 का बजट पेश किया



जीत समाचार लुधियाना। पंजाब मंडी बोर्ड के तहत मार्केट कमेटी लुधियाना ने 2026-27 का बजट पेश किया।

इस मौके पर चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल और सेक्रेटरी हरिंदर सिंह ने बताया कि 2026-27 का बजट मंजूरी के लिए चंडीगढ़ भेजा गया है, जो करीब 46 करोड़ रूपये है। उन्होंने कहा कि जैसे ही साल 2026-27 का बजट पास होगा, मंडी के रूके हुए कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार युद्ध स्तर पर विकास कार्य जारी रखे हुए है। इसी कड़ी में अलग-अलग गांवों की लिंक रोड और दूसरे विकास प्रोजेक्ट पूरे किए जाएंगे।

इस मौके पर अकाउंटेंट दीपक सिंगला और दूसरे स्टाफ सदस्य भी मौजूद थे।

# चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने युवाओं को स्पोर्ट्स किट बांटी

## -कहा! पंजाब सरकार जमीनी स्तर पर युवाओं को स्पोर्ट्स से जोड़ने के लिए कमिटेड है



जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)। पनग्रेन के चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने ग्रामीण इलाकों में युवाओं को स्पोर्ट्स के प्रति प्रोत्साहित करते हुए हल्का दाखा के गांव हंस कलां, तलवंडी खुर्द और कोठे हंस के युवा खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट बांटी।

चेयरमैन गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य को स्पोर्ट्स के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिसके तहत युवाओं को स्पोर्ट्स किट बांटी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि इस मिशन का मकसद राज्य के युवाओं को स्पोर्ट्स के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी असीमित ऊर्जा को सही दिशा में लगाना है ताकि हमारे युवा समाज और देश के हित में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि ये स्पोर्ट्स किट ग्रामीण इलाकों में स्पोर्ट्स और अन्य सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि आप की पंजाब सरकार हमेशा से स्पोर्ट्स का स्टैंडर्ड बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और उम्मीद जताई कि भविष्य में पंजाब स्पोर्ट्स के क्षेत्र में लीडिंग रोल निभाएगा। उन्होंने कहा कि किट बांटना जमीनी लेवल पर स्पोर्ट्स में क्रांति लाने में कैटलिस्ट साबित होगा और आने वाले फेज में, दूसरे कई गांवों के युवाओं को भी स्पोर्ट्स किट दी जाएंगी।

चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने किट बांटने के समारोह में शामिल पूरी टीम की तारीफ की और कहा कि उन्होंने स्पोर्ट्स को फिर से शुरू करने के मकसद से एक बड़े मूवमेंट की नींव रखी है।



# हमीरपुर में होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## 21 जून को अणु के मैदान में बड़ी संख्या में लोग करेंगे योगाभ्यास



जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरों)। आयुष विभाग इस बार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हमीरपुर में करने जा रहा है। अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम के लिए आयुष विभाग ने जिला प्रशासन के सहयोग से तैयारियां आरंभ कर दी हैं। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने मंगलवार को यहां हमीर भवन में जिला के प्रशासनिक, पुलिस, आयुष विभाग, अन्य विभागों और नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक करके राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने बताया कि आयुष विभाग के निदेशालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग योगाभ्यास करेंगे। इसलिए, आयोजन स्थल पर कारपैट एवं मैट बिछाने से लेकर पेयजल, शौचालय, सफाई, प्रतिभागियों के लिए रिफ्रेशमेंट, मैदान के बाहर वाहनों की पार्किंग और अन्य सभी आवश्यक प्रबंधों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं रिफ्रेशमेंट के वितरण और अन्य व्यवस्थाओं के लिए नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस और स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं के वॉलंटियर्स की मदद भी ली जा सकती है। मौसम खराब होने की स्थिति में मैदान के साथ ही स्थित इंडोर स्टेडियम में वैकल्पिक प्रबंध होने चाहिए। उपायुक्त ने आयोजन स्थल और इसके आस-पास के क्षेत्र में अन्य सभी प्रबंधों को लेकर भी संबंधित विभागों, पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

बैठक में सहायक आयुक्त चिराग शर्मा और जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. तनुजा नागपाल ने विभिन्न प्रबंधों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम संजीत सिंह, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने की जिला स्तरीय नदी निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता




जीत समाचार मंडी(ब्यूरों)। जिला स्तरीय नदी निगरानी समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

अपूर्व देवगन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे उहल नदी पर स्थापित शानन प्रोजेक्ट की गाद हटाने संबंधी कार्य को एस.डी.एम. पधर के साथ समन्वय स्थापित करके हटाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने मछलियों के प्रजनन व सुरक्षा के मद्देनजर डी-सिल्टिंग का कार्य हर साल पहली जून से 15 अक्टूबर के मध्य करने को कहा है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट की डी-सिल्टिंग संबंधी कार्य 4-4 घंटे के अंतराल में किया जाए। उन्होंने डी-सिल्टिंग के लिए शानन प्रोजेक्ट के प्रवेश व निकास-द्वारों पर चार सेंसर लगाने को भी कहा है, ताकि नदी के किनारे रहने वाले आमजन को असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डॉ. मदन कुमार, उप-मंडलाधिकारी (ना.) पधर, सुरजीत कुमार, शानन परियोजना के अधिशासी अभियंता सुखजिन्द्र सिंह, इंजीनियर हरमीत सिंह, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विनय कुमार, अधिशासी अभियंता पूर्ण चंद, सहायक निर्देश मत्स्य नीतू सिंह उपस्थित थे।

# ककरू, कुठेड़ा, भड़मेली, अमरोह में 11 को प्रभावित रहेगी विद्युत आपूर्ति

जीत समाचार हमीरपुर। विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर में 11 जून को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और इनके आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव सियूहणी, ककरू, कुठेड़ा, नरेली, चलोखर, भड़मेली, मुठान, रोपा, स्वाहल, देई का नौण, उबक, टिब्बी, भटटी, सूल, अमरोह, बुगधार, पन्याली, पसतल, चिग्गर और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि मौसम साफ रहने की स्थिति में ही यह कार्य किया जाएगा।

# वॉलीबॉल चौंपियनशिप के दूसरे दिन 05 मैच आयोजित



जीत समाचार शिमला। अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के तहत आयोजित की जा रही पहली एंटी चिट्टा अंतर जिला वॉलीबॉल चौंपियनशिप के दूसरे दिन 05 मैच आयोजित किए गए।

पहला मैच मंडी बनाम काँगड़ा खेला गया जिसमें मंडी की टीम 3-0 से विजयी रही और दूसरा मैच किन्नौर बनाम सोलन खेला गया जिसमें सोलन की टीम 3-0 से विजयी रही।

इसी प्रकार, तीसरा मैच शिमला ब्लू बनाम सिरमौर के बीच खेला गया जिसमें सिरमौर टीम 3-2 से विजयी रही और चौथा मैच मंडी बनाम कुल्लू खेला गया जिसमें मंडी टीम 3-0 से विजयी रही। इसके अतिरिक्त, पांचवां मैच शिमला येलो बनाम चम्बा खेला गया शिमला येलो टीम 3-0 से विजयी रही।

यह चौंपियनशिप 12 जून 2026 तक जारी रहेगी जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 01 लाख रूपए और रनिंग ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।







दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## महत्वपूर्ण सूचनाः इंडेन गैस उपभोक्ताओं के लिए

जीत समाचार चढ़ियार (रवि कुमार)। सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि अब हमारे क्षेत्र में गैस की सप्लाई सामान्य और नियमित हो गई है। आपके क्षेत्र में गैस की गाड़ी अब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार साप्ताहिक (हर हफ्ते) आएगी।

सुझाव और नियमः

बुकिंग का सही समयः गैस की बुकिंग केवल तभी करें जब आपके क्षेत्र में गैस वितरण (डिलीवरी) का दिन हो, उससे ठीक एक दिन पहले बुकिंग करना सबसे उचित है।

डीएसी कोड की वैधताः यदि आपकी बुकिंग को 10 दिन से अधिक हो जाते हैं और गैस नहीं ली जाती है, तो आपका डीएसी कोड स्वतः निरस्त हो जाएगा।

नया नियमः एक बार डीएसी कोड निरस्त होने पर, आप पुरानी नंबर (845495555) से दोबारा बुकिंग नहीं कर पाएंगे। ऐसी स्थिति में आपको बुकिंग केवल व्हाट्सएप के माध्यम से ही करनी होगी।

कृपया सहयोग करें ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

चढ़ियार गैस सर्विस

विकल्प 2रू संक्षिप्त और संदेश

चढ़ियार गैस सर्विस की ओर से महत्वपूर्ण सूचना

सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि गैस सप्लाई अब नियमित हो गई है।

बुकिंग कब करेंः अपने क्षेत्र में गैस गाड़ी आने से एक दिन पहले ही बुकिंग करें।

सावधानीः बुकिंग के 10 दिन बाद डीएसी कोड एक्सपायर हो जाएगा।

चेतावनीः कोड कैंसल होने पर 845495555 से बुकिंग काम नहीं करेगी। ऐसी स्थिति में आपको व्हाट्सएप का उपयोग करना होगा।

कृपया समय पर बुकिंग कर सहयोग करें। चढ़ियार गैस सर्विस




## मानसून के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन को लेकर नोडल अधिकारी होंगे नियुक्तः उपायुक्त हेमराज बैरवा




जीत समाचार धर्मशाला(ब्यूरो)। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। वे आज उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिले के सभी उपमंडलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

उपायुक्त ने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले जिले में कूहलों, नालियों तथा अन्य जल निकासी तंत्रों की साफ-सफाई संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को प्रभावी जल निकासी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वर्षा जल का जमाव न हो तथा जलभराव एवं सड़कों को नुकसान जैसी स्थितियों से बचा जा सके।

उन्होंने बताया कि भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील सड़कों एवं अन्य स्थलों की पहचान कर उनकी सूची पूर्व में ही तैयार करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए गए हैं। साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग तथा विद्युत विभाग को जेसीबी मशीनों, आवश्यक उपकरणों और अन्य संसाधनों को अग्रिम रूप से तैयार रखने के लिए कहा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

हेमराज बैरवा ने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दुर्गम क्षेत्रों में आवश्यक खाद्य सामग्री का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को जीवनरक्षक एवं आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला तथा उपमंडल स्तर पर आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपदा संबंधी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त सभी विभागों को मानसून अवधि के दौरान आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि सभी उपमंडल अधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों तथा संबंधित विभागों के साथ बैठकें आयोजित कर स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा करने और जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि मानसून सीजन के दौरान आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं बचाव कार्यों के लिए स्कूल भवनों का उपयोग किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए खाली पड़े स्कूल भवनों की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाई जाए। इसके अलावा भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्कूल भवनों का विवरण भी समयबद्ध रूप से उपलब्ध करवाया जाए।

## गीतांजलि डायमंड पब्लिक स्कूल का छात्र अन्नमय ठाकुर का नवोदय विद्यालय में चयनित हुआ



जीत समाचार जयसिंहपुर/टम्बर(अभिषेक)। गीतांजलि डायमंड पब्लिक स्कूल, टम्बर के मेधावी छात्र अन्नमय ठाकुर ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। अन्नमय के चयन से स्कूल में खुशी का माहौल है।

**एमडी जसवंत डढवाल ने दी बधाई**

स्कूल के एमडी जसवंत डढवाल ने अन्नमय की इस उपलब्धि पर उसे विशेष रूप से सम्मानित करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अन्नमय की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। डढवाल ने अन्नमय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके स्कूल के विद्यार्थी लगातार शैक्षणिक और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो शिक्षकों के मार्गदर्शन और बच्चों की लगन को दर्शाता है।

**शिक्षक और परिजनों में हर्ष**

अन्नमय की इस सफलता पर स्कूल के प्रधानाचार्य और अध्यापकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अन्नमय बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी और जिज्ञासु रहा है। इस उपलब्धि के लिए अन्नमय के परिजनों ने भी स्कूल प्रबंधन और अध्यापकों का आभार व्यक्त किया है, जिनका मार्गदर्शन उनकी सफलता में मील का पत्थर साबित हुआ।

अन्नमय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गीतांजलि डायमंड पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को दिया है।

## बड़ दगोह के बराळू गांव में भव्य मेले का हुआ शुभारंभ, मुख्य अतिथि बीडीसी सदस्य मधु मालती ने किया विधिवत उद्घाटन

जीत समाचार जयसिंहपुर/दगोह (अभिषेक न्यूज-एडिटर)। ग्राम पंचायत बड़ दगोह के अंतर्गत आने वाले बराळू गांव में मंगलवार को स्थानीय मेला समिति ने पारंपरिक मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पधारी बीडीसी सदस्य मधु मालती ने अपने कर-कमलों से किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उन्होंने पारंपरिक ढमक बजाकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया, जिसकी गूंज से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो उठा। इस विशेष अवसर पर गाव बराळू से उप-प्रधान बलदेव खरवाल और मेला समिति के समस्त सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत करते हुए मेला समिति ने उन्हें सम्मानित किया और मेले की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। **सांस्कृतिक परंपराओं का दिखा संगमः** मुख्य अतिथि मधु मालती ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे मेले न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे और सौहार्द को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने मेला समिति द्वारा किए गए सफल आयोजन की सराहना की। मेले के पहले दिन में स्थानीय लोगों और आसपास के गांवों के निवासियों ने भाग लिया। ढमक की थाप और मेले में सजी दुकानों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। आने वाले दिनों में मेले में और भी कई सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

